आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे व अंतिम चरण के चुनावों के लिए एक हजार एक सौ नवासी पंचायतों में मतदान जारी।
- जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों तथा चार नगर निगम के मतगणना के लिए तैयारियां पूरी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साझा करेंगे विचार।
- केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के 'ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत ऊना जिले में पांडुलिपायें के दस्तावेजीकरण को दी जा रही गति।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में आज तीसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान जारी है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। मतदान के तुरंत बाद पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और सरपंचों के लिए पड़े वोटों की गिनती होगी जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए मतदान की गिनती कल 31 मई को होगी। इसी दिन प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के लिए हुए चुनाव की मतगणना भी की जाएगी। आज प्रदेश की एक हजार एक सौ 89 पंचायतों में वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में करीब 16 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

पंचायत चुनाव –रामपुर

शिमला के रामपुर में नैन पंचायत के वार्ड 1 में नोटा स्टाम्प के साथ स्वास्तिक चिन्ह स्टाम्प इस्तेमाल होने से चुनाव स्थगित हुआ था । इस पंचायत में भी आज ही मतदान सम्पन्न करवाया जा रहा है ।

सिरमौर–चुनाव

सिरमौर जिला में नवासी पंचायतों में मतदान जारी है। मतदान सुबह ठीक सात बजे शुरू हुआ जो सायं तीन बजे तक चलेगा। जिले में 515 बूथों वोट डाले जा रहे हैं।

सोलन–चुनाव

इधर सोलन ज़िला में आज तीसरे व अंतिम चरण के लिए जिल की 82 ग्राम पंचायतों में मतदान जारी है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि इन ग्राम पंचायतों में कुल एक लाख आठ हजार एक सौ 56 मतदाता हैं। इनमें 55 हजार एक सौ 23 पुरुष तथा 53 हजार 33 महिला मतदाता हैं। निर्वाचन के लिए कुल 4 सौ 90 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

किन्नौर–चुनाव

जनजातीय जिला किन्नौर में तीनों विकास खंडों की 26 पंचायतों में मतदान आज सुबह से मतदान जारी है।

*जनजातीय जिला किन्नौर में पंचायती राज चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के लिए आज शनिवार को सुबह 7रू00 बजे से मतदान शुरू होगा। जिले के तीनों विकास खंडों की 26 पंचायतों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। कल्पा विकास खंड की रोघी, तेलिंगी, शुदारंग, पूरवनी, मेबर, चांसू, थेमगारंग और बटसेरी पंचायतों में मतदान कराया जाएगा। पूह विकास खंड की चांगो, लियो, डुबलिंग, नेसंग, सुन्नम, ठंगी, आसरंग, सरंग और चारंग पंचायतों में मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। वहीं निचार विकास खंड की चौरा, तराण्डा, बरी, यांगपा–2, शांगो, उरनी, पूनंग, पानवी और पोण्डा पंचायतों में मतदान होगा। प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। चुनाव अधिकारियों ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की अपील की है। आकाशवाणी शिमला के लिए किन्नौर, सुमेश नेगी*

कुल्लू–चुनाव

उधर कुल्लू ज़िला की 76 ग्राम पंचायतों में मतदान के लिए 426 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिले में 99 हजार 607 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए गए हैं व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

चंबा–पंचायत चुनाव

चंबा जिला में भी आज 86 ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस चरण के लिए विकास खंड चम्बा की 15, तीसा की 17, मैहला की 17, सलूणी की 14 और भटियात की 23 पंचायतों में वोट डाले जा रहे हैं। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

चंबा विकास ठाकुर

*जो हमारा तीसरा फेस है जिले के पांच ब्लॉक्स पांगी व भरमौर के छोड़कर बाकि सब जगह ब्लॉक में 86 ग्राम पंचायत तीसरे चरण में कवर की जाएगी   पूनः जिला चम्बा के मतदाताओं निवेदन करूंगा की जैसे आपने पहले व दूसरे चरण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करी है उसी प्रकार से अपना सहयोग हमें दे हमारी मदद करें यह सुनिश्चित करते की हमारे प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी, वार्ड सदस्य जिला परिषद जो आपके मुद्दों को पंचायत के विकास को प्राथमिकता बना कर भेजे।*

मतगणना

प्रदेश के जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों तथा नगर चार नगर निगमों के मतों की गणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश के 91 विकाखंडों में कल 31 मई को  सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। जिला परिषद वार्डों की मतगणना के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। प्रत्येक जिला परिषद वार्ड में मतगणना के लिए 15 से 20 टेबल लगाए जाएंगे। जबकि एक वार्ड की मतगणना में करीब 35 कर्मचारी और अधिकारी तैनात होंगे। प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर के चुनाव परिणों के लोकर भी प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

कुल्लू–मतगणना

कुल्लू जिला के बंजार जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना प्रक्रिया में इस वर्ष पहली बार महिला अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्र रूप से मतगणना कार्य हेतु नियुक्त किया गया है। महिला सशक्तिकरण व प्रशासनिक कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह एक

महत्वपूर्ण पहल है। मतगणना कार्य को त्रुटिरहित व सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से इन महिला अधिकारियों/कर्मचारियों का पृथक रूप से विशेष पूर्वाभ्यास भी करवाया गया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल यानि 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

ज्ञान भारतम् मिशन

केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के 'ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत 'ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण' के माध्यम से देश की प्राचीन, दुर्लभ और हस्तलिखित पांडुलिपियों को सहेजने, उनका दस्तावेजीकरण करने और उन्हें डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा रहा है। विभिन्न परिवारों, मंदिरों, मठों, शैक्षणिक संस्थानों और संग्रहालयों में शताब्दियों से रखी पांडुलिपियों को आधुनिक तकनीक से 'ज्ञान भारतम् मोबाइल ऐप' द्वारा आम नागरिक, मंदिर या निजी संग्रहकर्ता अपनी पांडुलिपियों की जानकारी और तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं। प्रदेश के ऊना जिले में भी इस सर्वेक्षण को गति दी जा रही है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला व पंजाब केसरी एक जैसी सुर्खी है– अंतिम चरण का मतदान आज, एक हजार एक सौ नवासी पंचायतों में 17 लाख वोटर चुनेंगे प्रतिनिधि जबकि दैनिक जागरण का शीर्षक है–एक हजार 1 सौ नवासी पंचायतों में मतदान आज, आयोग का निर्देश–लापरवाही पर होगी कार्रवाई।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–आचार संहिता खत्म होने के बाद 6 जून को होगी कैबिनेट बैठक। पंजाब केसरी लिखता है–सुक्खू ने 6 जून को बुलाई मंत्रिमंडल बैठक। दैनिक जागरण का कहना है–चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों को मिलेगा एरियर।

अमर उजाला की एक अन्य सुर्खी है–चेस्टर हिल्स मामले में हाईकोर्ट सख्त, राज्य और केंद्र से जवाब तलब।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे व अंतिम चरण के चुनावों के लिए एक हजार एक सौ नवासी पंचायतों में मतदान जारी।

- जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों तथा चार नगर निगम के मतगणना के लिए तैयारियां पूरी।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साझा करेंगे विचार।

- केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के 'ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत ऊना जिले में पांडुलिपायें के दस्तावेजीकरण को दी जा रही गति।

---